तैयारी : तीन एक्सप्रेस वे के किनारे दौड़ेगी हाईस्पीड ट्रेन

हिन्दुस्तान
खास

मथुरा/नोएडा | राकेश शर्मा

दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के तहत हाईस्पीड ट्रेन तीन एक्सप्रेस वे यमुना, आगरा-लखनऊ और गंगा के 10 मीटर ऊंचे एलीवेटेड खंभों-पुलों पर दौड़ेगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

ट्रेन मथुरा सीमा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे लगभग 100 किलोमीटर तक चलेगी। इसके लिए एक्सप्रेसवे के सहारे सर्विस रोड या डिवाइडरों पर एलीवेटेड ट्रैक तैयार किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए नोएडा में हुई बैठक के दौरान प्रेजेंटेशन दिया गया। किसानों को इसकी जानकारी दी गई है।

करीब 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार वाली यह ट्रेन सराय काले खां से चलेगी।

पहला स्टॉपेज नोएडा सेक्टर-148, दूसरा जेवर एयरपोर्ट होगा। तीसरा राया इंटरचेंज के पास और चौथा आगरा में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के मुहाने पर बनेगा। दिल्ली से वाराणसी तक 810 किलोमीटर के निर्माण पर 12 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे।

करीब इतना वक्त लेगी ट्रेन

दिल्ली-जेवर एयरपोर्ट	21 मिनट
दिल्ली-आगरा	33 मिनट
दिल्ली-लखनऊ	2.50 घंटे
दिल्ली-वाराणसी	3.41 घंटे
आगरा-मथुरा	14 मिनट

चार चरणों में काम होगा

परियोजना चार कंपनियां चार चरणों में पूरी करेंगी। पहला दिल्ली-आगरा, दूसरा आगरा-लखनऊ, तीसरा लखनऊ-प्रयागराज और चौथा चरण प्रयागराज से वाराणसी तक होगा।